06.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोटपूतली–बहरोड़ के पावटा में सनातन धर्म सम्मेलन को संबोधित किया–कहा–संतों का जनकल्याण और पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान।

○ केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा–देशभर की विभिन्न अदालतों में लम्बित मामलों के निस्तारण के लिए एडीआर मैकेनिज्म तैयार किया जा रहा है।

○ भारतीय जनता पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है–प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।

○ देशभर में रामनवमी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है।

000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के पावटा में धार्मिक समारोह में शिरकत की। उन्होंने बावड़ी स्थित बाबा बालनाथ की तपोस्थली पर आयोजित 108 कुंडीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लिया। श्री शाह ने सनातन धर्म सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा बालनाथ ने जनकल्याण, पशु–पक्षियों की सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के लिए काम किया, जिसे उनके अनुयायी निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

.............

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नाथ संप्रदाय ने सनातन धर्म को मजबूत करने का काम किया है। परंपरा और आध्यात्म से जुड़े इस धार्मिक आयोजन में राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने धार्मिक स्थलों के विकास के लिए राज्य बजट में विभिन्न घोषणाएं की हैं।

..............

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र और कई विधायक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में सरकार ने देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। उन्होंने आज तमिलनाडू में वर्टिकल लिफ्ट समुद्री सेतु का उद्घाटन किया और आठ हजार तीन सौ करोड रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने रामेश्वरम तांबरम एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस ब्रिज में एक स्वचालित इलेक्ट्रो मैकेनिकल लिफ्ट सिस्टम है, जो इसे 17 मीटर ऊपर उठाने में मदद करेगा, जिससे इसके नीचे से जहाज आसानी से गुजर सकेंगे। पम्बन रेलपुल साढे पांच सौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।

000

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि देशभर की विभिन्न अदालतों में लम्बित मामलों के निस्तारण के लिए ऑल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन यानि एडीआर मैकेनिज्म बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से न्यायालयों में करीब पांच करोड़ से ज्यादा लम्बित मामलों के निपटारे में सुविधा होगी। झुंझुनूं के टमकोर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि जल्दी ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

.............

न्यायालयों में खाली पदों को भरने के सवाल पर श्री मेघवाल ने कहा कि इसके लिए सरकार गंभीर है। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री चूरू पहुंचे, जहां उन्होंने जनसुनवाई की।

000

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर 9 फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इनमें से 6 फ्लाईओवर दौसा जिले में और 3 जयपुर जिले में बनेंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है। इन पर करीब 286 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए चिन्हित 9 ब्लैक स्पॉट्स पर ये फ्लाईओवर बनेंगे। इससे हाईवे को जीरो एक्सीडेंन्ट जोन बनाने की दिशा में मदद मिलेगी।

दौसा में बालाजी मोड़, मानपुरा चौराहा, जीरोता कट, दौसा बाईपास, कलक्ट्रेट और पुलिस लाईन चौराहे पर ये फ्लाई ओवर बनेंगे। वहीं जयपुर जिले में बांसखोह फाटक, बस्सी चक और कानोता बस अड्डे पर इन्हें बनाया जा रहा है।

000

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता के लिए अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। श्री नड्डा ने जनसंघ और भाजपा के संस्थापकों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी और जगन्नाथ राव जोशी का भी स्मरण किया।

इधर, जयपुर में स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने झंडा रोहण किया और विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कई मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। विभिन्न जिलों में भी स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला 13 अप्रैल तक चलेगी।

000

रामनवमी का पर्व आज परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। रामनवमी चैत्र माह की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में मेले, शोभायात्राएं और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

जयपुर में रामनवमी पर पारम्परिक शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में रंग बिरंगी झांकियां और लवाजमा शामिल है। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा है। शोभायात्रा के बाद राज्यपाल हरिभाऊ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी महाआरती में शामिल होने का कार्यक्रम है।

जैसलमेर जिले के रामकुंडा के प्राचीन राममंदिर में आकर्षक सजावट की गई है। हनुमानगढ के भद्रकाली माता मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और बडी संख्या में दर्शनार्थी पंहुच रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ रही है। ब्रज क्षेत्र भरतपुर में भी रामनवमी का उल्लास छाया हुआ है।

नागौर में भगवान राम के जन्मोत्सव की झांकियों को प्रदर्शित करती हुई शोभायात्रा निकाली गई। इसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेसलर द ग्रेट खली भी शामिल हुए। पाली में सुबह प्रभातफेरी निकाली गई और दोपहर में शहर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में कुरीतियों के प्रति जागरुकता दर्शाती झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। झालावाड़, चूरू, करौली, बाडमेर, डूंगरपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़ भीलवाडा और जालोर में शोभायात्रा निकाली गई।

000

प्रदेश में पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ली जाने वाली ये परीक्षाएं 17 अप्रैल तक चलेगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए 13 लाख 58 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए 19 हजार 578 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये है।

000

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने शुरू हो गये हैं। मौसम विभाग ने बाड़मेर और जैसलमेर जिले में अत्यधिक गर्मी की स्थिति को देखते हुए लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 9 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। ये स्थिति 9 अप्रैल तक बनी रह सकती है। अगले दो दिनों में पश्चिमी हवाओं का प्रभाव अधिक बढने की संभावना है। इससे बाडमेर जालौर और जैसलमेर में कुछ स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से अधिक हो सकता है।

इस दौरान जोधपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं तेज लू चलने की संभावना है। इधर, बाडमेर में तापमान के बढने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है।

................

000

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराईजर्स हैदराबाद का मुकाबला गुजरात टाईटन्स की टीम से होगा। हैदराबाद में ये मैच शाम साढे सात बचे से खेला जाएगा। गुजरात तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि हैदराबाद चार मैच में एक जीत के साथ सबसे नीचे है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

000

एफ्रो फ्रेंच फिल्म फेस्टिवल की आज से जयपुर में की शुरूआत हो रही है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर हो रहे इस फेस्टिवल का आयोजन फ्रांसीसी दूतावास के सहयोग से किया जा रहा है। 18 अप्रेल तक चलने वाले इस फेस्टिवल में कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

000